पत्र संख्या–स्था0–01/नव नवपदोन्नत/2022–23/ 1081 /राज्य कर

कार्यालय आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश।

(स्थापना राजपत्रित अनुभाग)

लखनऊ– दिनांक 10 जून, 2022

समस्त नवपदोन्नत अपर सांख्यिकीय अधिकारी, राज्य कर,
उत्तर प्रदेश।

चयन वर्ष 2021–22 में विभागीय चयन समिति की बैठक के क्रम में सहायक सांख्यिकीय अधिकारी के पद से पदोन्नत हुए अपर सांख्यिकीय अधिकारी की विभाग में रिक्त पदों पर तैनाती निकट भविष्य में की जानी है।

अतः नवपदोन्नत अपर सांख्यिकीय अधिकारियों की तैनाती के सम्बन्ध में अपना विकल्प ऑन लाइन माध्यम से ही विभागीय वेबसाइट http://comtax.up.nic.in में Departmental Services अन्तर्गत उपलब्ध EMPLOYEES INFORMATION SYSTEM के माध्यम से दिनांक 15.06.2022 तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराने का कष्ट करें। विकल्प का चयन करते समय समस्त अधिकारी शासन द्वारा वर्ष 2018–19 में जारी स्थानान्तरण नीति के अनुरूप बाधित मण्डल एवं जनपद का विकल्प नहीं देंगे। इसके अतिरिक्त नवपदोन्नत अपर सांख्यिकीय अधिकारी तैनाती हेतु अपने गृह जनपद का विकल्प किसी भी दशा में नहीं देंगे। किसी अधिकारी द्वारा ऑन लाइन विकल्प उपलब्ध न कराने की दशा में यह समझा जाएगा कि अधिकारी तैनाती हेतु कोई विकल्प देने के इच्छुक नहीं हैं।

(मिनिस्ती एस0)
आयुक्त राज्य कर, उ0प्र0।

पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपिः उपर्युक्त की प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. अपर आयुक्त, राज्य कर, उ०प्र०, लखनऊ।
2. अपर निदेशक, राज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ।
3. समस्त सम्बन्धित जोनल अपर आयुक्त ग्रेड–1, राज्य कर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि अपने अधीनस्थ नियुक्त/सम्बद्ध नवपदोन्नत अधिकारियों को ससमय अपने स्तर से सूचित करने का कष्ट करें।
4. संयुक्त आयुक्त (आई०टी०) राज्य कर मुख्यालय, लखनऊ को इस आशय के साथ प्रेषित हैं कि विभागीय वेबसाइट पर सम्बन्धित समस्त अधिकारियों की आई०डी० तैनाती हेतु विकल्प उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

09/06/2022

(सुधा वर्मा)
अपर आयुक्त,राज्य कर
मुख्यालय,लखनऊ।